
**Patrika (Indore), 8th February 2020, *Patrika Plus*, Page-17**

### 'येलो डायरी बैंड' की प्रस्तुति आज

# 'हर दिन के एक्सपीरियंस और इमोशन को दिखाने का करते हैं प्रयास'

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



इंदौर ◆ जिंदगी में हर दिन कुछ नया होता है। हर दिन अलग अनुभव और इमोशंस लाइफ में देखने को मिलते हैं। जीवन के विविध भावों को ही हम अपने म्यूजिक के जरिए बयां करने का प्रयास करते हैं। यह बात पत्रिका से खास बातचीत में येलो डायरी बैंड के मेंबर्स राजन बत्रा, हिमांशु पारिख, वैभव पानी, साहिल शाह, स्टुअर्ट डिकोस्टा ने पत्रिका से खास बातचीत में कही। वे शनिवार को आइआइटी इंदौर की फ्लक्सस इवेंट में परफॉर्मेंस देंगे।

हमने येलो डायरी नाम इसीलिए दिया है, क्योंकि येलो कलर हैपी के साथ डार्क साइड भी दिखाता है तो वहीं डायरी में हम अपने हर तरह के इमोशंस लिखते हैं। आज की ऑडियंस अच्छा म्यूजिक ढूंढती है, चाहे फिर वह उसे सोशल मीडिया से मिले, फिल्मों से या इंडिपेंडेंट, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारा सॉन्ग 'रब राखा' को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह है लोग खुद से कनेक्ट फील करते हैं। हम सबकी अपनी जर्नी होती है। जब हम अपने घर से निकलते हैं, तो हमारा फोकस किसी एक चीज पर ज्यादा हो जाता है और कभी हम उन लोगों से दूर हो जाते हैं जो हमसे बहुत प्यार और परवाह करते हैं। इस सॉन्ग में हमने यही दिखाया है।

**ओरिजनल ही होता है बेस्ट :** हम साढ़े चार साल से काम कर रहे हैं। हमारा मानना है कि ओरिजनल म्यूजिक ही लोगों के दिलों को छूता है। आपके म्यूजिक में गंभीरता होनी चाहिए। साथ ही सक्सेस पाने के लिए सबसे जरूरी होता है हार्डवर्क। कभी-कभी नैचुरल टैलेंट के दम पर भी लोग बेहतरीन मुकाम हासिल कर लेते हैं, लेकिन म्यूजिकल एजुकेशन का होना बहुत जरूरी है।